# वार्षिक प्रतिवेदन
# राजकीय महाविद्यालय बन्जार, ज़िला कुल्लू (हि0प्र0)
# सत्रः 2021–22

**(23वां पुरस्कार वितरण समारोह दिनांकः– 02 अप्रैल 2022)**

**मुख्यातिथि**

**श्री गोविन्द सिंह ठाकुर**

(मान्नीय शिक्षा, भाषा ,कला एवं संस्कृति मन्त्री हिमाचल प्रदेश सरकार)

एवम्

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री सुरेन्द्र शौरी**

( मान्नीय विधायक, बंजार विधानसभा क्षेत्र)

प्रस्तुति

**श्रीमती नीरज कपूर**

**प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय बन्जार**

**कुल्लू (हि0प्र0) 175123**

# वाार्षिक प्रतिवेदन

# राजकीय महाविद्यालय बन्जार (हि॰ प्र॰)

# सत्र : 2021–2022

राजकीय महाविद्यालय बन्जार के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्री गोविन्द सिंह ठाकुर जी तथा विशिष्ट अतिथि श्री सुरेन्द्र शौरी जी विधानसभा सदस्य बन्जार का मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत तथा अभिनंदन करती हूँ तथा यहां उपस्थित शिक्षक वर्ग, गैर शिक्षक कर्मचारी, शिक्षक–अभिभावक संघ के सदस्य, पत्रकार बन्धु एवं उपस्थित सभी गणमान्य अतिथ्यिों का भी दिल की गहराईयों से स्वागत करती हूँ। इस सुअवसर पर महाविद्यालय की गतिविधियों तथा उपलब्धियों से आप सभी को अवगत करवाने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। प्रकृति ने अपने प्रांगण में छटा बिखेरते हुए संस्थान के एक ओर कलरव करती ध्वनि से तीर्थन नदी का प्रवाह, दूसरी ओर श्रृंगा ऋषि जी की छाँह और राष्ट्रीय स्तर पर 'ग्रेटर हिमालयन नेशनल पार्क' की विख्याति ने इसे अनेक नेमतों से भर दिया है।

महोदय, छात्र जीवन के लिए आज का वार्षिक उत्सव अत्यंत महत्वपूर्ण माना जात है क्योंकि वर्ष भर की विभिन्न गतिविधियों में छात्र शक्ति ने जो सपने संजोये है वो एक लम्बे अन्तराल के बाद पुरस्कारों के रुप में साकार हुए है इसलिए एक गर्म जोशी का वातावरण तैयार होता है जो पूरे महाविद्यालय को नए सत्र में और अधिक उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। महोदय आप की अनुमति से मैं अब सत्र 2021–22 के दौरान महाविद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों व गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत कर रही हूँ।

## संस्थान परिचय

बर्फ से आच्छादित पहाड़ियाँ, नदी की कलरव ध्वनि संस्थान के अध्ययन और अध्यापन के अनुकूल वातावरण प्रदान करती है। **19 मई 1999** में महाविद्यालय के प्रारम्भ के समय यहाँ मात्र **5 प्राध्यापक तथा 84 विद्यार्थी** थे। आज विद्यार्थियों की संख्या **996** पंहुच गई है। शैक्षणिक कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए **21 प्राध्यापक तथा 09** गैर शिक्षक कर्मचारी कार्यरत हैं। 20–22 अक्तूबर 2016 में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रमाणन परिषद् (NAAC) द्वारा संस्थान को **बी'** ग्रेड प्रदान किया गया है। इस शिक्षा केन्द्र में कला संकाय भवन, जिसमें विभिन्न प्रयोगशालाएँ, एक सेमिनार हॉल, परीक्षा हॉल, आई॰ टी॰ प्रयोगशाला और पुस्तकालय स्थापित किया गया है। उच्च शिक्षा की गुणवता को बनाए रखने के लिए आन्तरिक गुणवता आश्वासन सेल (IQAC) का गठन भी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा–निर्देशों के तहत किया गया है।शिक्षा के साथ–साथ खेल–कूद, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) थल स्कन्ध, रोवर्स–रैंज़र, विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जा रहा है।

## शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी

वर्तमान में महाविद्यालय में कुल **24** पदों में से **21** पद पर शिक्षक कार्यरत हैं तथा **03** पद रिक्त हैं। इसी प्रकार गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग के कुल **14** पदों में से **09** पद पर कर्मचारी नियुक्त हैं तथा **5** पद रिक्त हैं।

## महाविद्यालय बन्जार के शिक्षक वर्ग के स्वीकृत, नियमित, अनुबन्ध तथा रिक्त पदों की स्थिति का विवरण

| क॰ सं॰ | पद की श्रेणी<br>सहायक प्रोफेसर | स्वीकृत पदों की संख्या | नियमित आधार पर पदों की संख्या | अनुबन्ध के आधार पर पदों की संख्या | रिक्त पद | अतिरिक्त अपेक्षित कर्मचारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | 03 | 03 | – | – | – |
| 2. | गणित | 02 | 01 | – | 01 | – |
| 3. | लोक प्रशासन | 01 | 01 | – | – | – |
| 4. | वांणिज्य विभाग | 02 | 02 | – | – | – |
| 5. | मुखर संगीत | 01 | – | – | 01 | – |
| 6. | वाद्य संगीत | 01 | 01 | – | – | – |
| 7. | शारीरिक शिक्षा | 01 | 01 | – | – | – |
| 8. | इतिहास | 01 | 01 | – | – | 01 |
| 9. | हिन्दी | 01 | 01 | – | – | 01 |
| 10. | अर्थशास्त्र | 01 | 01 | – | – | – |
| 11. | भूगोल | 02 | 02 | – | – | – |
| 12. | संस्कृत | 01 | 01 | – | – | – |
| 13 | राजनीति शास्त्र | 01 | 01 | – | – | 01 |
| 14. | भौतिकी शास्त्र | 02 | 01 | – | 01 | – |
| 15. | रसायन शास्त्र | 01 | 01 | – | | – |
| 16. | वनस्पति शास्त्र | 01 | 01 | – | – | – |
| 17. | जीव विज्ञान | 01 | 01 | – | – | – |
| 18. | समाज शास्त्र | 01 | 01 | – | – | – |
| | **कुल पद** | **24** | **21** | **–** | **03** | **03** |

# महाविद्यालय बन्जार के गैर शिक्षक वर्ग के स्वीकृत, कार्यरत तथा रिक्त पदों की स्थिति का विवरणः

| क्र॰ सं॰ | पद की श्रेणी गैर शिक्षक वर्ग | स्वीकृत पदों की संख्या | कार्यरत पदों की संख्या | रिक्त पद | अतिरिक्त अपेक्षित कर्मचारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अधीक्षक | 01 | 01 | — | — |
| 2. | वरिष्ठ सहायक | 01 | 01 | — | — |
| 3. | लिपिक | 01 | 01 | — | — |
| 4. | स्टोर कीपर | 01 | — | 01 | — |
| 5. | पुस्तकालय अध्यक्ष | 01 | — | 01 | — |
| 6. | सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष | 01 | — | 01 | — |
| 7. | पुस्तकालय सहायक | | | | पद स्वीकृत नहीं किया गया है। |
| 8. | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 02 | 02 | — | 02 |
| 9. | सहायक कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 02 | — | 02 | 01 |
| 10. | च्परासी | 02 | 02 | — | — |
| 11. | चौकीदार | 01 | 01 | — | — |
| 12. | मेहतर | 01 | 01 | — | — |
| | **कुल पद** | **14** | **09** | **05** | **03** |

## आगमन

प्रो0 नीरज कपूर (अंग्रेजी विभाग) डा0 दुनीचन्द राणा (राजनीति विज्ञान) डा0 अशोक कुमार (हिन्दी विभाग) डा0 निर्मल चौहान (रसायन विभाग) प्रो0 ईशान मार्वल (अंग्रज़ी विभाग)महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए हैं। गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग में श्री प्यार चन्द (वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक) का आगमन हुआ।

## स्थानान्तरण

डॉ0 मन्दीप शर्मा प्राचार्य का राजकीय महाविद्यालय कोटली (ज़िला मण्डी) में स्थानान्तरण हुआ। डॉ0 कंचन ठाकुर (हिन्दी विभाग), डॉ बिनता ठाकुर (अंग्रेज़ी विभाग), डॉ0 सुनील कुमार

(भौतिक शास्त्र), प्रो0 राजेश कुमार (रसायन शास्त्र), प्रो0 दीप कुमार (राजनीति शास्त्र) हिमाचल प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में स्थानान्तरित हुए।

## सेवा निवृत्ति

वरिष्ठ प्रवक्ता सहयक श्री टारज़न शर्मा 31 अक्टूबर 2021 को अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देते हुए इस महाविद्यालय से सेवा निवृत हुए।

## नामांकन

सत्र 2021–22 में संस्थान के शैक्षणिक सत्र की कुल संख्या **996** है। जिनमें **402** छात्र व **594** छात्राएं हैं। विभिन्न श्रेणियों के विद्यार्थियों का नामांकन का विवरण इस प्रकार से है :

| क्र॰ सं॰ | संकाय | कक्षा | सामान्य वर्ग | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | कुल छात्र | कुल छात्राएं | कुल जमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | छात्र | छात्रा | | | |
| 1 | कला स्नातक | कला स्नातक प्रथम वर्ष | 92 | 153 | 21 | 59 | 01 | 01 | 03 | 07 | 117 | 220 | 338 |
| | | कला स्नातकद्वितीय वर्ष | 69 | 98 | 26 | 26 | – | – | 03 | 08 | 98 | 129 | 227 |
| | | कला स्नातकतृतीय वर्ष | 71 | 120 | 15 | 29 | – | – | 05 | 02 | 91 | 151 | 242 |
| | | **जमा** | **232** | **371** | **62** | **111** | **01** | **01** | **11** | **17** | **306** | **500** | **807** |
| 2 | वाणिज्य स्नातक | वाणिज्य स्नातक प्रथम वर्ष | 09 | 05 | 04 | 01 | – | 02 | – | – | 15 | 06 | 21 |
| | | वाणिज्य स्नातक द्वितीय वर्ष | 16 | 06 | 02 | – | – | – | 02 | – | 19 | 08 | 27 |
| | | वाणिज्य स्नातक तृतीय वर्ष | 14 | 15 | – | 02 | – | – | 01 | – | 15 | 17 | 32 |
| | | **जमा** | **39** | **26** | **06** | **03** | **–** | **–** | **03** | **02** | **48** | **31** | **79** |
| 3 | विज्ञान स्नातक | विज्ञान स्नातक प्रथम वर्ष | 04 | 12 | 02 | 02 | – | – | – | – | 06 | 14 | 20 |
| | | विज्ञान स्नातक द्वितीय वर्ष | 14 | 16 | 06 | 02 | – | – | – | – | 20 | 18 | 38 |
| | | विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष | 16 | 25 | 01 | 03 | – | – | 04 | 03 | 21 | 31 | 52 |
| | | **जमा** | **34** | **53** | **09** | **07** | **–** | **–** | **04** | **03** | **47** | **63** | **110** |
| | | **कुल जमा** | **305** | **450** | **77** | **121** | **01** | **01** | **18** | **22** | **402** | **594** | **996** |

# वार्षिक परीक्षा परिणाम

यह हम सब के लिए गर्व का विषय है कि विद्यार्थियों की मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर इस वर्ष इस संस्था के विद्यार्थी विश्वविद्यालय परिणाम प्रतिशतता से बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहे है। परिणाम का विवरण निम्नलिखित हैः

| क्र॰सं॰ | संकाय एवं कक्षा | कुल छात्र | उत्तीर्ण छात्र | महाविद्यालय प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कला स्नातक प्रथम वर्ष | 303 | 303 | 100% |
| 2. | द्वितीय वर्ष | 296 | 296 | 100% |
| 3. | तृतीय वर्ष | 152 | 152 | 100% |
| 1. | वाणिज्य स्नातक प्रथम वर्ष | 24 | 24 | 100% |
| 2. | द्वितीय वर्ष | 36 | 36 | 100% |
| 3. | तृतीय वर्ष | 17 | 17 | 100% |
| 1. | विज्ञान स्नातक प्रथम वर्ष | 53 | 53 | 100% |
| 2. | द्वितीय वर्ष | 46 | 46 | 100% |
| 3. | तृतीय वर्ष | 35 | 33 | 94% |

# छात्रवृतियाँ

सत्र 2020–21 में अलग–अलग योजनाओं के द्वारा विभिन्न वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृतियाँ प्रदान की गई जिसका वर्णन इस प्रकार से है :

| क्र॰ सं॰ | छात्रवृति श्रेणी | विद्यार्थियों की संख्या | रकम (रू॰) |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति (S. C.) | 06 | 21600 / – |
| 2. | अनुसूचित जनजाति (S. T.) | ———— | ——— |
| 3. | कल्पना चावला छात्रवृति योजना | 14 | 210000 / – |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 01 | 3600 / – |
| 5. | आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (EBC) | ——— | —————— |
| 6. | एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम(IRDP) | —————— | ———— |
| 7 | महाविद्यालय और विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के लिए केन्द्रीय छात्रवृति योजना | 12 | 120000 / – |
| 8. | डॉ0 भीमराव अम्बेदकर छात्रवृति योजना आर्थिक रुप से पिछड़ा वर्ग | 02 | 5040 / – |
| | **कुल योग** | **35** | **360240 / –** |

# महाविद्यालय पत्रिका

तेज़ी से यांत्रिक होते जा रहे इस दौर में मनुष्य में, समाज के उन वर्गों के प्रति चेतना लाने हेतु, जो हाशिए पर हैं, के प्रति संवेदना व सहानुभूति जागृत करने की दृष्टि से पढ़ने–लिखने का माहौल तैयार करने के उद्‌देश्य से संस्थान की पत्रिका **'सिराज शिखा'** प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है। जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर विचार एवं भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर प्राप्त होता है। पत्रिका की मुख्य सम्पादक डॉ॰ जोगिन्दर सिंह ठाकुर हैं तथा इस सत्र के विभिन्न विषयों के प्राध्यापक एवं छात्र सम्पादकों का विवरण इस प्रकार से है :

| **क्र॰ सं॰** | **विभाग** | **प्राध्यापक सम्पादक** | **छात्र सम्पादक** |
|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | प्रो0 ऋचा आहलूवालिया | बबीता, बी॰ ए॰ तृतीय वर्ष |
| 2. | हिन्दी | डॉ॰ अशेक कुमार | बीना कुमारी, बी॰ ए॰ तृतीय वर्ष |
| 3. | पहाड़ी | प्रो0 रजनीश कुमार | देवेन्द्र वर्मा, बी॰ ए॰ तृतीय वर्ष |
| 4. | संस्कृत | प्रो0 नरेश कुमार | सुनीता देवी, बी॰ ए॰ प्रथम वर्ष |
| 5. | वाणिज्य | डॉ0डाबे राम | ट्वींकल ठाकुर, बी॰ कॉम॰ तृतीय वर्ष |
| 6. | विज्ञान | डॉ॰ निर्मल चौहान | पल्लवी ठाकुर, बी॰ एस॰ सी॰ तृतीय वर्ष |

किए गए है।

# भूतपूर्व छात्र संघ

2018–19 में प्राचार्या महोदय की अध्यक्षता में भूतपूर्व छात्र संघ का गठन सर्वसम्मति से 14 जुलाई 2018 को किया गया था। इस संघ के वर्तमान सचिव प्रो0 टीकम राम है।

# अध्यापक–अभिभावक संघ

संस्थान के विभिन्न विकासात्मक कार्यों, छात्रों, अभिभावकों और महाविद्यालय प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के नियमानुसार अध्यापक–अभिभावक संघ का गठन किया गया। इस वर्ष संस्थान की प्राचार्या प्रो0 नीरज कपूर की अध्यक्षता में सत्र 22 जुलाई 2021–22 के लिए अध्यापक अभिभावक संघ के लिए निम्न पदाधिकारियों का चुनाव किया गया:–

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान | : | श्री जय सिंह ठाकुर |
| उपप्रधान | : | श्री कुन्दन लाल |
| सचिव | : | डॉ0 जोगिन्दर ठाकुर |
| सहसचिव | : | श्रीमती राजेश्वरी |
| मुख्य सलाहकार | : | श्री चेतराम ठाकुर |
| कोषाध्यक्ष | : | डॉ0 डाबे राम |

इसके अतिरिक्त श्री श्रवण शर्मा, श्रीमती रेखा शर्मा, श्री चुन्नी लाल, श्रीमती रोशनी देवी, डॉ0 रेणुका थपलियाल, प्रो0 नरेश कमल, डॉ0 अशोक कुमार, प्रो0 मोनिका को कार्यकारिणी सदस्यों के रुप में मनोनीत किया गया।

## विशेष उपलब्धियां

महोदय जी 2021 में जिन विद्यार्थियों ने इस महाविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की है, उन मे से 5 विद्यार्थियों ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय हि0 प्र0 3 विद्यार्थियों ने हि0प्र0 विश्वविद्यालय शिमला, 2 विद्यार्थियों ने बी.एड. कॉलेज ढलियारा, एक विद्यार्थी ने क्षेत्रीय केन्द्र धर्मशाला में प्रवेश लिया है।

सत्र 2021–22 के दौरान उत्कृष्ठ महाविद्यालय योजना के अन्तर्गत जीविकोपार्जन परामर्श प्रकोष्ठ के लिए मिलि राशि के अन्तर्गत 25 दिसम्बर 2021 से 1 फरवरी 2022 तक महाविद्यालय के 50 विद्यार्थियों ने पांवटा साहिब में आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन में प्रशिक्षण प्राप्त किया है और निकट भविष्य में उन्हे रोज़गार मिलने की संभावना है। महोदय जी राजकीय महाविद्यालय एक अग्रणी संस्था है जिसने विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए एक माह की रोज़गार हेतु प्रशिक्षण **(On Job Training)** के लिए अवसर प्रदान किया है।

महोदय जी उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना रुसा–II अनुदान के तहत महाविद्यालय मे सूचना एवं प्रोधौगिकी (Information and Technology) सेक्टर पर अधिक बल दिया गया है जो आधुनिक शिक्षण सुविधा से युक्त है तथा विद्यार्थियों को सुविधा प्रदान करने के लिए **भाषा प्रयोग शाला** (Language Lab) स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है। महाविद्यालय में नई वेबसाईट स्थापित की गई है जिसमें जानकारी प्रदान करने के लिए दैनिक गतिविधियों से सम्बन्धित सूचना अभिभारण (Upload) करते रहते है।

महोदय जी इस वर्ष विद्यार्थियों के प्रवेश से लेकर कार्यालय का कार्य ऑनलाईन प्रबन्धन प्रणाली (Online Management System) के द्वारा जोड़ा जा चुका है, जिससे सभी विद्यार्थी इस सुविधा से लाभान्वित हो रहे है तथा वितीय रिपोर्ट भी स्वचलित रुप से उत्पन्न होती है।

महोदय जी, हि0 प्र0 में बंजार महाविद्यालय को ISRO केन्द्र देहरादून द्वारा Online Outreach Program के लिए क्षेत्रीय केन्द्र बनाया है तथा भूगोल विभाग की एसोसिएट प्रो0 डॉ0 रेणुका थपलियाल को समन्वयक मनोनीत किया है। इस सत्र में बंजार महाविद्यालय में "Basics of Geographical Information System" कोर्स में 31 विद्यार्थियों ने, 93rd "Geo Informatics for Biodiversity Conservation Planning" कोर्स मे 21 तथा "Geospatial Modeling Driven Urban Hazard and Risk Analysis" कार्यक्रम में 7 विद्याथियों ने भाग लिया।

– राज्य कर और उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय कुल्लू में वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों के लिए ज़िला स्तरीय प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें कुमारी दीपा और टिंवकल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इनका चयन मण्डी के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। उसमें दीपा और टिंवकल ने बेहतरीन प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

– स्वयं सेवी कुमारी श्यामा देवी का राष्ट्रीय स्तर पर **आर.डी**. कैम्प जयपुर में चयन हुआ।

–'कारगिल विजय दिवस' 2 HP Bn. मण्डी में ज्योतिरादित्य कैडेट ने पोस्टर मेकिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा भूपेन्द्र ठाकुर ने 25 मी. एयर राईफल फायरिंग में द्वितीय स्थान तथा समूह नृत्य में कैडेट्स ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## प्राध्यापकों की शैक्षणिक उपलब्धियाँ

एक अध्यापक अनन्त प्रभाव डालता है, वह कभी नहीं बता सकता कि उसका प्रभाव कहाँ और कब रूकेगा? ये बात हमारे महाविद्यालय पर भी स्टीक बैठती है। इसी समर्पित भाव के कारण सभी प्राध्यापक जहाँ विद्यार्थियों के प्रति निष्ठावान है, वहीं ज्ञानार्जन एवं शोध कार्यों में भी लीन रहकर ज्ञान का प्रसार भी करते हैं। संस्थान के प्राध्यापकों की शैक्षणिक उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार है :

– प्रो0 नीरज कपूर अंग्रेज़ी विभाग ने राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में Transforming "Asia: Development, Tourism and Enviornment in Mountains" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

– डॉ0 रेणुका थपलियाल एसोसिएट प्रो0 भूगोल विभाग द्वारा 23 जुलाई 2021 को महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों के "High Altitude Education Solution" की सहायता से ऑनलाईन एडमिशन के सॉफटवेयर ट्रेनिंग के वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया गया।

डॉ0 रेणुका थपलियाल ने जवाहर लाला नेहरु विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित "Research Methods, Tools and Plagrism Detection Software" पर पांच दिवसीय Virtual Workshop में भाग लिया। इसके अतिरिक्त इनके कुशल नेतृत्व में जीविकोपार्जन योजना के अन्तर्गत चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी तथा NIGMT फाउन्डेशन दिल्ली के संयुक्ततावधान में ऑनलाईन वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों कुछ पूर्व छात्रों तथा प्राध्यापकों ने भाग लिया जिन्हे प्रमाण पत्र भी दिए गए।

– प्रो0 नरेश कमल भूगोल विभाग ने राजकीय महाविद्यालय नाहन सिरमौर द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Creatting Digital Learning Enviornment  for Teachers and Promotion, E-Learning" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित E-Learning and E Goverence विषय पर सात दिवसीय ऑनलाईन कार्यशाला में उपस्थिति दी। प्रो0 नरेश कमल ने फरवरी मार्च 2022 में रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर्विषयक पुनश्चर्या कोर्स "Refresher Course" सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

– डॉ0 निर्मल चौहान ''रसायन विभाग'' ने रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पुनश्चर्या कोर्स "Refresher Course" को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

– डॉ0 योगराज लोक प्रशासन विभाग ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ISRO द्वारा आयोजित जैव विविधता संरक्षण योजना हेतु भू सूचना विज्ञान "Geo-Informatics for Diversity Conservation Planing" विषय पर ऑनलाईन वर्कशाप में उपस्थिति दर्ज़ की तथा रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर्विषयक पुनश्चर्या कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

– डॉ0 अशोक कुमार हिन्दी विभाग ने विशेषज्ञ समीक्षित पत्रिका में तीन शोध पत्र तथा सम्पादित पुस्तक में दो लेख प्रकाशित हुए। इसके अतिरिक्त 18 दिसम्बर 2021 को विक्रम शिला हिन्दी विद्यापीठ भागलपुर (बिहार) द्वारा डि. लिट. की मानद उपाधि से सम्मानित हुए।

– प्रो0 सुरेश कुमार समाज शास्त्र विभाग ने रामानुजन कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर्विषयक पुनश्चर्या कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

– डॉ0 डाबे राम वाणिज्य विभाग ने रामानुजन कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पूर्वाभिविन्यास कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

– डॉ0 दुनी चन्द राणा राजनीति विभाग ने टीचर लर्निंग सेंटर रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर्विषयक पुनश्चर्या कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया तथा राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली द्वारा आयेजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर सह–सत्राध्यक्ष भाग लिया एवं "India-China Relation with Special Reference to Water Dispute" नामक विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

– प्रो0 रजनीश कुमार अर्थ शास्त्र विभाग ने हि0 प्र0 विश्वविद्यालय शिमला द्वारा आयोजित अर्थशास्त्र विषय पर पुनश्चर्या कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

– प्रो0 अतुल चौधरी भौतिक विज्ञान विभाग ने IIT मुम्बई द्वारा आयोजित Introduction to Quantum Physics and its Application अन्तर्विषयक पुनश्चर्या कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया तथा राष्ट्रीय स्तरीय एक दिवसीय वेबीनार में भी भाग लिया।

– प्रो0 ज्योति बाला शारीरिक शिक्षा विभाग ने "Athletics Fedration of India" द्वारा आयोजित ज़िला तकनीकि अधिकारी की परीक्षा उतीर्ण की। इसके अतिरिक्त राजकीय महाविद्यालय दौलतपुर चौक मे 11 दिवसीय योगा कैम्प में भाग लिया साथ ही पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़ में 21 दिवसीय योगा प्रशिक्षण कैम्प तथा हि0 प्र0 विश्वविद्यालय शिमला में 28 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम ''गुरुदक्षिता'' कार्यक्रम में भी भाग लिया। इसके अतिरिक्त प्रो0 ज्योति बाला उतरी भारत विंग अन्तर्विशविद्यालय कबडडी चैमपियनशिप की सदस्य भी है और इन्हे हि0 प्र0 विश्वविद्यालय से अन्तर्विश्वविद्यालय हॉकी चैमपियनशिप कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित हॉकी कोच के रुप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 26 फरवरी 2022 को नेहरु युवा केन्द्र द्वारा आयोजित दुर्गेश्वरी संस्था बन्जार में ''शारीरिक स्वरास्थय का जीवन में महत्व'' विषय में स्त्रोत वक्ता के रुप में भाग

लिया तथा 10 मार्च 2022 को बन्जार महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में स्त्रोत वक्ता के रुप में भाग लिया। प्रो0 ज्योति बाला ने 12 मार्च 2022 को राजकीय महाविद्यालय थाची मण्डी में भी सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विषय पर स्त्रोत वक्ता के रुप में अपनी उपस्थिति दी।

– प्रो0 मोनिका वाणिज्य विभाग ने राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली में आयेजित सात दिवसीय वर्कशाप में भाग लिया इसके अतिरिक्त राजकीय महाविद्यालय संजौली में "Basics of Capital Market" विषय वेबीनार में भाग लिया तथा हि0 प्र0 विश्वविद्यालय शिमला में 28 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम गुरुदक्षिता कार्यक्रम में भी भाग लिया। प्रो0 मोनिका ने पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़ द्वारा आयोजित 21 दिवसीय योगा प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। प्रो0 मोनिका ने 11 मार्च 2022 को "How to Trading in Share Market" विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया तथा 12 मार्च 2022 को राजकीय महाविद्यालय थाची मण्डी में सड़क सुरक्षा नियम विषय पर स्त्रोत वक्ता के रुप में अपनी उपस्थिति दर्ज़ की।

– प्रो0 टीकम राम इतिहास विभाग ने रामानुजन कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पूर्वाभिविन्यास कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

– प्रो0 ऋचा आहलुवालिया अंग्रज़ी विभाग ने शूलिनी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया और साथ ही 21 दिसम्बर 2021 को राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में अभ्यासी कार्यक्रम में भाग लिया तथा प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 21 जनवरी 2022 को शूलिनी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संगोष्ठी में "On Women and Gender Studies" विषय पर पर अपनी प्रस्तुति दी।

– गणित विभाग के प्राध्यापक प्रो0 विकास नेगी ने पी.जी. कॉलेज इटारसी (मध्य प्रदेश) द्वारा आयोजित "Fractional Column and Computational Intelligence" विषय पर दिनांक 6–7 जनवरी 2022 को दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला में ऑनलाईन भाग लिया।

## विकासात्मक कार्य

महोदय जी, आधुनिक युग सूचना एवं प्रौद्योगिकी का युग है तथा कोरोना महामारी के चलते इसकी प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है, जिसके परिणामस्वरुप शिक्षा का स्वरुप भी बदल रहा है। इसलिए उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना तथा रुसा–II अनुदान के तहत महाविद्यालय मे सूचना एवं प्रोधौगिकी (Information and Technology) सेक्टर के विस्तारीकरण पर अधिक बल

दिया गया है। महाविद्यालय की नई वेबसाईट विकसित की गई है जिसमें विद्यार्थियों तथा अन्य हितधारकों को जानकारी प्रदान करने के लिए दैनिक गतिविधियों से सम्बन्धित सूचना अभिभारण (Upload) किया जाता है।

महोदय जी इस वर्ष विद्यार्थियों के प्रवेश से लेकर कार्यालय का कार्य ऑनलाईन प्रबन्धन प्रणाली (Online Management System) के द्वारा जोड़ा जा चुका है जिससे सभी विद्यार्थी इस सुविधा से लाभान्वित हो रहे है तथा वितीय रिपोर्ट भी स्वचलित रुप से उत्पन्न होती है।

पुस्तकालय में पुस्तकों की डिजिटल केटेलॉगिंग कर बार कोडिंग की जा रही है और इसे ऑनलाईन जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। INFLIBNET N-List सदस्यता से जोड़ने का कार्य भी प्रगति पर है तथा पुस्तकालय में प्राध्यापकों को शोध कार्य हेतु शोध केन्द्र स्थापित किया गया है। विद्यार्थियों की संचार कौशल विकसित करने हेतु **भाषा प्रयोग शाला** (Language Lab) स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है।

महाविद्यालय भवन के भीतरी भाग में रंग रोगन का कार्य सम्पूर्ण हो चुका है खेल अवसंरचना (Sports Infrastructure) को तैयार किया जा रहा है।

उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना एवं रुसा–II के अन्तर्गत वर्षाजल संरक्षण (Rain Water Harvesting) हेतु, Biodegradable Waste Pit तथा पानी की निकासी, कैन्टीन उन्नयन (Canteen Upgradation) और कॉलेज की तरफ सड़क पक्का करने के कार्य हेतु राशि लोक निमार्ण विभाग को दी जा चुकी है। महाविद्यालय परिसर में वाहनों की पार्किंग के लिए हिमुडा (Himachal Pradesh housing & Urban Development Authority) को पैसा दिया जा चुका है ताकि पार्किंग स्थल बनने पर सभी विद्यार्थी, अध्यापक एवं आगन्तुक इस सुविधा से लाभान्वित हो सके।

**आज़ादी का अमृत महोत्सव एवं हिमाचल प्रदेश पूर्ण राज्यत्व की स्वर्णिम जयंती** के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें एन.एस.एस., एन.सी.सी., रोवर्स एंड रेंजर्स के स्वयं सेवियों तथा अन्य विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश की गौरव गाथा, बेटी है अनमोल, हिमाचल की सांस्कृतिक धरोहर तथा नशा मुक्ति से संबधित निबंध लेखन, नारा लेखन, भाषण, काव्य पाठ, पोस्टर मेकिंग आदि तथा स्वतन्त्रता संग्राम के गौरवमय इतिहास से संबधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

**महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत विवरण इस प्रकार से हैः–**

– 23 जुलाई 2021 को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 नीरजा कपूर की अध्यक्षता में "Online Admission Software Training Through Real Time" विषय पर ऑनलाईन वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज़ की।

– 14 अगस्त 2021 को इतिहास, राजनीति विज्ञान एवं हिन्दी विभाग द्वारा ऑनलाईन प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय के 72 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

– 15 अगस्त 2021 को बंजार तहसील द्वारा आयोजित स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य पर एन.एस. एस., एन.सी.सी. तथा रोवर्स रेंजर द्वारा परेड, समूह गान तथा लोकनृत्य में बेहतर प्रदर्शन किया गया।

– 20 अगस्त 2021 को शारीरिक शिक्षा विभाग एवं 2HP बटालियन मण्डी द्वारा आयेजित फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत 11NCC कैडेटस ने 5 कि.मी. दौड़ में भाग लिया।

– 5 सितम्बर 2021 को प्राचार्या प्रो0 नीरज कपूर की अध्यक्षता में ऑनलाईन अध्यापक दिवस का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने विचार रखें और कविताएं प्रस्तुत की।

– 30 सितम्बर 2021 को शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय परिसर में "Maintaining Physical Efficiency and Mental Balance Through Yoga in COVID Times" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें ऋषि योग आध्यात्मिक संस्थान सैंज से आए योगाचार्य भुबनेश कुमार स्त्रोत वक्ता रहे। इस वर्कशॉप में महाविद्यालय के 150 विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने भी भाग लिया।

– दिनांक 26 अक्टूबर 2021 को ''आज़ादी का अमृत महोत्सव'' पर डॉ0 रेणुका थपलियाल के कुशल नेतृत्व में "India Space Programme Journey since Indipendence" विषय पर ऑनलाईन व्याख्यान का आयेजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 48 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा इन्हे प्रमाण पत्र भी दिया गया।

– 10 नवम्बर 2021 को साईबर अपराध से बचाव हेतु साइबर जागरुकता दिवस मनाया गया जिसमे राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में कार्यरत कम्पयूटर सांईस के प्रो0 निशचल शर्मा ने विद्यार्थियों को साईबर अपराध के बचाव से सम्बन्धित जानकारी दी।

– 26 नवम्बर 2021 को राजनीति विभाग और लोक प्रशासन विभाग द्वारा संयुक्त रुप से प्राचार्या प्रो0 नीरज कपूर की अध्यक्षता में ''संविधान दिवस'' मनाया गया। जिसमें प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयेजन किया गया। ''संविधान दिवस'' में डॉ0 दुनी चन्द राणा राजनीति विभाग ने ''संविधान के महत्व और मूल्य'' पर अपने विचार रखे।

– दिनांक 1 दिसम्बर 2021 को राज्य कर और उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय कुल्लू में वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों के लिए ज़िला स्तरीय प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयेजन किया जिसमें कुमारी दीपा और टिंवकल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इनका चयन मण्डी के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। उसमें दीपा और टिंवकल ने बेहतरीन प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

– 7 दिसम्बर 2021 को शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा महाविद्यालय में 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के लगभग 50 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

– 18 दिसम्बर 2021 को शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रो0 ज्योति बाला के कुशल नेतृत्व में 'खेल मेला' का आयोजन किया गया जिसमें परिसर में विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे गए तथा विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

– 20 दिसम्बर 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को थाची कॉलेज में कार्यरत राजनीति विज्ञान के प्रो0 दीप कुमार ने भारतीय संविधान की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे।

– 25 जनवरी 2022 से 15 मार्च 2022 तक भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित "National Voter Awareness Contest- My vote is my future-Powr of one Vote" के अन्तर्गत प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा वीडियो प्रतियोगिता, नारा लेखन पोस्टर डिज़ाईन में एक–एक विद्यार्थी ने भाग लिया।

– 8 मार्च 2022 को महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ0 रेणुका थपलियाल के कुशल नेतृत्व में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के डॉ0 सत्यव्रत

वैद्य और डॉ0 रीमा घई ने अवसाद, विषाद्, चिन्ता, तनाव एवं अन्य स्वास्थ्य से सम्बन्धित विषयों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो0 ईशान मार्वल और अन्य प्राध्यापकों ने तथा महाविद्यालय की छात्रा उषा ठाकुर, युगेश्वरी एवं गायत्री ने भी अपने विचार सांझा किए।

– 10 मार्च 2022 को प्रो0 विकास कुमार के कुशल नेतृत्व में ''सड़क सुरक्षा'' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में श्री राम लाल ठाकुर SHO बंजार द्वारा सड़क सुरक्षा सम्बन्धी विषयों की जानकारी दी गई तथा नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। 14 मार्च 2022 को सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक प्रो0 विकास कुमार के कुशल नेतृत्व में बंजार महाविद्यालय में लोगों को जागरुक कराने के उददेश्य से जागरुकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें एन.सी.सी., एन.एस.एस. तथा रोवर्स और रेंजर्स के साथ अन्य विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। यह रैली महाविद्यालय से आरम्भ होकर शेगलू बाज़ार से होते हुए न्यू बस स्टैण्ड तथा वापिस महाविद्यालय के लिए निकाली गई। इस रैली में एन.सी.सी., एन.एस.एस. तथा रोवर्स और रेंजर्स के संयोजक भी उपस्थित रहे।

– 16 और 21 मार्च 2022 को समन्वयक डॉ0 जोगिन्द्र सिंह ठाकुर के कुशल नेतृत्व में 'ईको उर्ज़ा क्लब' और विज्ञान संकाय ने संयुक्त रुप से प्राचार्या प्रो0 नीरज कपूर की अध्यक्षता में ''विज्ञान दिवस'' का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा पॉवर प्वॉईंट के माध्यम से छात्रों को उर्जा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक करते हुए सभी विद्याार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर नारा, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।

## हिन्दी पखवाड़ा

1 से 14 सितम्बर 2021 तक हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी पखवाड़े का आयेजन किया गया हिन्दी पखवाड़े के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे निबन्ध लेखन, काव्य पाठ, वाचन, सुलेख एवं प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

## साहित्य परिषद्

21 अक्टूबर 2021 को प्रो0 नीरज कपूर की अध्यक्षता में 'साहित्य परिषद्' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भाषण, कविता, पाठ, निबन्ध लेखन, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोतरी जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## पुस्तकालय

एक अच्छी पुस्तक सर्वोतम मित्र होती है। पुस्तकालय हमें सिखाता है कि पढ़ना इसलिए आवश्यक नहीं है कि हमें किसी का विरोध करना हैं, या किसी को गलत सिद्ध करना है, बल्कि प्रत्येक बात को तोलने एवं उस पर विचार करने के लिए अध्ययन आवश्यक है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए महाविद्यालय के पुस्तकालय में छात्र एवं छात्राएं 6858 पुस्तकों, 4 प्रत्रिकाओं तथा 5 समाचार पत्रों का लाभ उठा रहे हैं। पुस्तकालय में पुस्तकों की डिजिटल केटेलॉगिंग कर बार कोडिंग की गई है और इसे ऑनलाईन जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। पुस्तकालय के अंकीकरण तथा INFLIBNET N-List सदस्यता से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है तथा पुस्तकालय में प्राध्यापकों को शोध कार्य हेतु शोध केन्द्र स्थापित किया गया है। महाविद्यलय पुस्तकालय में इस सत्र में 3,11,458 रु0 की 958 पुस्तकों की खरीददारी की गई है। डॉ0 अशोक कुमार सहायक प्रवक्ता हिन्दी पुस्तकालय का कार्यभार संभाल रहे हैं। पत्रिकाओं में **साहित्य अमृत, मीरायन, योजना, अखंड ज्योति** शामिल है। समाचार पत्रों में **'द ट्रिब्यून', 'द इंडियन एक्सप्रेस', 'पंजाब केसरी', 'अमर उजाला', 'दिव्य हिमाचल'** प्रमुख है।

महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी पुस्तकालय का लाभ उठाते है। इस वर्ष पुरुष वर्ग में योगेन्द्र सिंह बी.ए. तृतीय वर्ष तथा महिला वर्ग में मेघा शर्मा बी.ए. प्रथम वर्ष श्रेष्ठ पाठक घोषित किए गए है।

## सूचना प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला

महाविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। **प्रो0 रजनीश कुमार** के कुशल नेतृत्व में इस समय 20 कम्प्यूटर एक डिजीटल पोडियम तथा प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है। अध्यापन कार्य रूचिपूर्ण बनाने एवं नई तकनीक से जोड़ने हेतु शैक्षणिक सत्र 2021–22 में तीनों संकाय की कक्षाएं समय–समय पर इस प्रयोगशाला में लगायी जाती हैं।

विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम एवं ऑनलाइन परीक्षा एवं छात्रवृति फॉर्म भरने की सुविधा प्रयोगशाला में उपलब्ध करवाई गई है।

## रैड रिबन क्लब

इस क्लब के समन्वयक डॉ0 डाबे राम है। नोडल अधिकारी प्रो0 ऋृचा आहलुवालिया के नेतृत्व में चार विद्यार्थियों ने 10 नवम्बर 2021 को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में प्रशिक्षण कार्य में भाग लिया। इसके अतिरिक्त 1 दिसम्बर 2021 को ''रेड रिबन क्लब'' द्वारा कुल्लू अस्पताल में स्वास्थ्य अधिकारी के सहयोग से ''एड्स जागरुकता दिवस'' मनाया गया। इस दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी. तथा रोवर्स एंड रेंजर्स ने संयुक्त रुप से नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## रोवर्स एंड रेंजर्स

एक रोमांचकारी गतिविधि जो छात्रों को अनुशासित एवं चरित्र संवारने में सहयोग करती है। रावर्स एंड रेंजर्स दल में डॉ0 दुनी चन्द राणा तथा प्रो0 ऋृचा आहलुवालिया के कुशल नेतृत्व में 08 रोवर्स एवं 24 रेंजर्स पंजीकृत है। इस सत्र में महाविद्यालय के रोवर्स एंड रेंजर्स की उपलब्धियों एवं गतिविधियों का विवरण इस प्रकार से हैः–

–9 से 15 अगस्त तक महाविद्यालय परिसर में 7 दिवसीय स्वच्छता अभियान में रोवर्स एंड रेंजर्स, एन.सी.सी., एन.एस.एस. के स्वयं सेवकों ने नारा लेखन, निबंध लेखन व पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं मे ऑनलाईन भाग लिया।

– रोवर्स एंड रेंजर्स के विद्यार्थियों ने महिला प्रकोष्ठ, सड़क सुरक्षा क्लब के अन्तर्गत करवाए गए कार्यक्रमों में भी बढ़–चढ़कर भाग लिया।

– 21 दिसंबर 2021 को हमीरपुर में आयोजित अभ्यासी कोर्स में डॉ0 दुनी चन्द राणा तथा प्रो0 ऋृचा आहलुवालिया ने भाग लिया तथा प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)

महाविद्यालय में एक इकाई प्रो0 मोनिका के दिशा निर्देश में कार्य कर रही है। इस का उद्देश्य छात्र वर्ग में सामुदायिक सेवा की भावना उत्पन्न कर उन के बहु–आयामी व्यक्तित्व का

विकास करना है। इस वर्ष 100 छात्र–छात्राएं इस इकाई में पंजीकृत हुए। सत्र 2021–22 के दौरान इन स्वयं सेवियों की गतिविधियां इस प्रकार से हैः–

– 21 जून 2021 को विश्व योग दिवस का महाविद्यालय प्रांगण में आयोजन किया गया।

– 9 अगस्त से 15 अगस्त 2021 तक सात दिवसीय स्वच्छता अभियान।

– 15 अगस्त 2021 को स्वयं सेवियों ने खंड स्तर पर बंजार में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया।

– अक्टूबर माह में बालागाड़ गांव में प्राकृतिक जल संसाधन संरक्षण, गांव की सफाई एवं सौंदर्यीकरण, गांव तक रास्ते एवं नालियों की सफाई एवं कटी हुई झाड़ियों को जलाकर साफ किया।

– स्वयं सेवी कुमारी श्यामा देवी का राष्ट्रीय स्तर पर **आर.डी**. कैम्प जयपुर में चयन हुआ।

– 6 अक्टूबर को सैमिनार हॉल में बंजार के डी.एस.पी चारु शर्मा ने विद्यार्थियों को सहभगिता कार्यक्रम के अन्तर्गत नशा निवारण, घरेलू हिंसा एवम् अन्य समस्याओं के प्रति जागरुक किया और स्वयंसेवियों के साथ सीधा संवाद किया।

– 30 दिसम्बर 2021 को संविधान अभियान में विशेषज्ञों द्वारा स्वयं सेवियों को जानकारी दी गई तथा इस अवसर पर नारालेखन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।

– 24 जनवरी 2021 को राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया जिसमें बालिका के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अधिकारों के प्रति जागरुक किया तथा स्वयं सेवियों ने पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन में भाग लिया।

– 8 फरवरी से 14 फरवरी 2022 तक 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्राकृतिक जल संरक्षण, पौधारोपण, परिसर का सौन्दर्यीकरण, महाविद्यालय परिसर की सफाई के अतिरिक्त

सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में पुरुष वर्ग में देवेन्द्र वर्मा तथा महिला वर्ग में कुमारी श्यामा को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी घोषित किया गया।

## जीविकोपार्जन परामर्श एवं प्रस्थापन प्रकोष्ठ (Career Counseling and Placement Cell)

जीविकोपार्जन परामर्श एवं प्रस्थापन प्रकोष्ठ प्रो0 सुरेश कुमार के कुशल नेतृत्व में छात्रों को अपने भविष्य के प्रति जागरुक बनाने तथा रोज़गार के विभिन्न अवसर प्रदान करने एवं छात्रों को सुझाव देने के लिए जीविकोपार्जन परामर्श प्रकोष्ठ बनाया गया है। सत्र 2021–22 के दौरान उत्कृष्ठ महाविद्यालय योजना के अन्तर्गत जीविकोपार्जन परामर्श प्रकोष्ठ के लिए मिलि राशी द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों का वर्णन इस प्रकार हैः–

– 8–9 अक्टूबर 2021 को प्लान फॉउन्डेशन के सहयोग से दो दिवसीय कार्यक्रम प्रो0 नीरज कपूर की उपस्थिति में आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्तर के वक्ता श्री सचिन, श्री अखिलेश भारती, श्री जी.सी. रायटा और श्री मनोज शर्मा ने रोज़गार की संभावनाओं पर अपने–अपने विचार व्यक्त किए।

-TPSDM के सहयोग से 25 दिसम्बर 2021 से 1 फरवरी 2022 तक महाविद्यालयों के 50 विद्यार्थियों ने पांवटा साहिब में गृहव्यवस्था (house Keeping) खाद्य एवं पेय पदार्थ (Food and Beverage) आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन (hospitality and Tourism Management) से सम्बंधित प्रशिक्षण लिया।

– 12 फरवरी 2022 को महाविद्यालय में रोज़गार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें श्री सुरैन्द्र शौरी विद्यायक बंजार विधान सभा क्षेत्र बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस रोज़गार मेले में TPSDM के निदेशक श्री अनिल शर्मा ने विद्यार्थियों को पर्यटन से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दी। रोज़गार मेले के समापन पर मुख्य अतिथि श्री सुरैन्द्र शौरी ने पांवटा साहिब में प्रशिक्षण के लिए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

## महिला प्रकोष्ठ

महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने एवं महिला सशक्तिकरण एवं बाल संरक्षण हेतु सत्र **2021–22** में महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इसके संयोजक **डॉ॰ रेणुका थपलियाल** है। इस प्रकोष्ठ के अन्तर्गत 8 मार्च 2022 में क्षेत्रिय चिकित्सालय कुल्लू के सहयोग से छात्राओं को अवसाद, विषाद, निराशा तथा अन्य स्वास्थ्य

सम्बंधी विषय पर जानकारी दी गई तथा रक्त स्मूह (Blood Group), हीमोग्लोबीन, आंखो से सम्बन्धित स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## एन0सी0सी0

महोदय जी 2020–21 में 39 कैडेट्स की ईकाई को स्वीकृति मिली। इस वर्ष 26 कैडेट्स का नामांकन हुआ है जिसमें 17 छात्र एवं 9 छात्राएं सम्मिलित है। एन.सी.सी. अधिकारी प्रो0 ज्योति बाला के कुशल नेतृत्व में सी.ए.टी.सी शिविर पंडोह में 8 छात्रों एवं 5 छात्राओं ने बी. सर्टिफिकेट का पेपर उतीर्ण किया तथा सभी कैडेट्स को बी. प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। 'कारगिल विजय दिवस' 2 HP Bn. मण्डी में ज्योतिरादित्य कैडेट ने पोस्टर मेकिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा भूपेन्द्र ठाकुर ने 25 मी. एयर राईफल फायरिंग में द्वितीय स्थान तथा समूह नृत्य में कैडेट्स ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## सड़क सुरक्षा क्लब

महोदय जी, इस महाविद्यालय में पहली बार प्रो0 विकास कुमार के कुशल नेतृत्व में ''सड़क सुरक्षा क्लब'' का गठन किया गया। 28 दिसम्बर 2021 को सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें नोडल अधिकारी प्रो0 विकास कुमार के द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त 10 मार्च 2022 को महाविद्यालय में ''सड़क सुरक्षा'' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में श्री राम लाल ठाकुर SHO बंजार द्वारा सड़क सुरक्षा सम्बन्धी विषयों की जानकारी दी गई तथा नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। 14 मार्च 2022 को सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक के कुशल नेतृत्व में बंजार महाविद्यालय में लोगों को जागरुक कराने के उददे्श्य से जागरुकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें एन.सी.सी., एन.एस.एस. तथा रोवर्स और रेंजर्स के साथ अन्य विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। यह रैली महाविद्यालय से आरम्भ होकर शेगलू बाज़ार से होते हुए न्यू बस स्टैण्ड तथा वापिस महाविद्यालय के लिए निकाली गई। इस रैली में एन.सी.सी., एन.एस.एस. तथा रोवर्स और रेंजर्स के संयोजक भी उपस्थित रहे।

## खेल कूद

शारीरिक शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफैसर ज्योति बाला के कुशल दिशा निर्देशन में छात्र एवं छात्राओं ने खेल सम्बन्धी गतिविधियों में अपनी परम्परा को निरन्तर बढ़ाते हुए प्रशंसनीय उपस्थिति दर्ज़ कराई है। महाविद्यालय के छात्रों एवं छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न अनतर्महाविद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसका विवरण इस प्रकार है:–

– 2 दिसम्बर 2021 को पुरुष वर्ग की टीम ने महाविद्यालय कोटशेरा शिमला में वाली बाल ट्रायल प्रतियोगिता में भाग लिया।

– पुरुष वर्ग की टीम ने महाविद्यालय की ओर से क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता में 10.12.2021 को महाविद्यालय बीटन (ऊना) में भाग लिया।

– संस्थान द्वारा (महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 नीरज कपूर की अध्यक्षता में) 18 दिसम्बर 2021 को खेल मेला तथा 20 दिसम्बर 2021 को क्रीड़ा दिवस का आयोजन किया गया। इसमे कुशला बी.ए. तृतीय वर्ष को सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया।

## गृह परीक्षा

विद्यार्थियों की शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने तथा गुणवता युक्त शिक्षा प्रदाने करने के लिए हि0 प्र0 विश्वविद्यालय ने आंतरिक मूल्यांकन अंक पद्धति का तरीका अपनाया है। इस महाविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक डॉ0 जोगिन्द्र सिंह ठाकुर के कुशल नेतृत्व में प्रत्येक विषय में परीक्षा ली जाती है तथा विद्यार्थियों के द्वारा प्राप्त अंक, उपस्थिति तथा कक्षा परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर आंतरिक मूल्यांकन किया जाता है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम

शिक्षा के साथ–साथ छात्रों की प्रतिभा प्रदर्शन के लिए मंच प्रदान करना महाविद्यालय प्रशासन का लक्ष्य रहता है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए महाविद्यालय में दिनांक 01 अप्रैल 2022 को एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ महाविद्यालय की

प्राचार्या प्रो0 नीरज कपूर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में लोक गीत, हिन्दी गीत, शास्त्रीय गीत, लोक नृत्य, एकल नृत्य, नाटी इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## इंदिरा गान्धी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

महाविद्यालय में सभी वर्ग के विद्यार्थियों के विकास के लिए इन्दिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय का केन्द्र सन् 2008 में अस्तित्व में आया। डॉ0 रेणुका थपलियाल समन्वयक और सह समन्वयक डॉ0 योगराजके कुशल नेतृत्व में इस अध्ययन केन्द्र में 430 छात्र पंजीकृत है। इस समय यहां कला, वाणिज्य, पर्यटन तथा लाईब्रेरी सांईस आदि क्षत्रों में सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक तथा स्नातकोतर पाठ्यक्रम है।

## स्वच्छता अभियान

महोदय जी, ''स्वच्छ भारत अभियान'' के उदेश्य को साकार करने एवं विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं कार्य स्थल की स्वच्छता के महत्व को साकार करने के लिए महाविद्यालय परिसर एवं भवन में नियमित रुप से एन.सी.सी., एन.एस.एस. रोवर्स एंड रेंजर्स एवम् अन्य विद्यार्थियों द्वारा प्राध्यापकों की देख रेख में क्रमावर्तन (Rotation) में सफाई की जाती है।

## धन्यवाद ज्ञापन

महोदय जी, आज भौतिकवाद के युग में व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र के बौद्धिक विकास के लिए शिक्षा की प्रासंगिकता को नकारा नही जा सकता। ऐसे में श्रृंगा ऋषि की पावन धरा एवं सुन्दर प्रकृति की गोद में बसी इस संस्था को कई मील के पत्थर स्थापित करने है। अन्त में मै समस्त महाविद्यालय परिवार (प्राध्यापक वर्ग, कर्मचारी वर्ग, अध्यापक अभिभावक संघ) एवं समस्त विद्यार्थियों की ओर से माननीय मुख्य अतिथि श्री गोविन्द सिंह ठाकुर शिक्षा मन्त्री हिमाचल प्रदेश सरकार एवम् विशिष्ट अतिथि श्री सुरेन्द्र शौरी विद्यायक, बन्जार विधानसभा क्षेत्र जी का एक बार पुनः आभार प्रकट करती हूँ जिन्होने अपना अमूल्य समय निकाल कर इस वार्षिक उत्सव पर पधार कर हम सब का उत्साह वर्धन किया। महाविद्यालय परिवार समस्त प्राध्यापकों कर्मचारी वर्ग एवं छात्र व छात्राओं का धन्यावाद करना चाहती हूँ जिन्होने इस समारोह को सफल बनाने के लिए सहयोग दिया है। अध्यापक अभिभावक संघ के प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी के प्रति भी आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होने महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यों में सदैव सहयोग दिया है।

मैं उन सभी प्रतिभाशाली छात्र व छात्राओं को बधाई देती हूँ, जिन्हे आज पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिला है और आशा करती हूँ कि आगामी वर्षों में सभी विद्यार्थी सफलता प्राप्त करेंगे। अन्त में मैं एक बार पुनः मुख्य अतिथि श्री गोविन्द सिंह ठाकुर जी का धन्यावाद करती हूँ जिन्होने हमारे निमन्त्रण को स्वीकार कर संस्था में आने की अनुकंपा की।

## महाविद्यालय बन्जार के शिक्षक वर्ग की सूची

| क्र॰ सं॰ | शिक्षक कर्मचारी | पद |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. नीरज कपूर | प्राचार्या |
| 2. | प्रो. नीरज कपूर | अंग्रेज़ी विभाग |
| 3. | डॉ॰ जोगिन्दर सिंह ठाकुर | वनस्पति विज्ञान विभाग |
| 4. | डॉ॰ रेणुका थपलियाल | भूगोल विभाग |
| 5. | डॉ. रमेश यादव | जीव विज्ञान विभाग |
| 6. | डा0 नरेश कमल | भूगोल विभाग |
| 7. | प्रो0 सुरेश कुमार | समाज शास्त्र |
| 8. | डॉ॰ योग राज | लोक प्रशासन विभाग |
| 9. | डा0 दुनी चन्द राणा | राजनीति शास्त्र विभाग |
| 10. | प्रो0 रजनीश कुमार | अर्थशास्त्र विभाग |
| 11. | डॉ0 डावे राम | वाणिज्य विभाग |
| 12. | प्रो0 अतुल चौधरी | भौतिक शास्त्र विभाग |
| 13. | डॉ0 निर्मल चौहान | रसायन विज्ञान विभाग |
| 14. | प्रो0 मोनिका | वाणिज्य विभाग |
| 15. | डॉ॰ अशोक कुमार | हिन्दी विभाग |
| 16. | प्रो0 ज्योति बाला | शारीरिक शिक्षा विभाग |
| 17. | प्रो0 विकास कुमार | संगीत विभाग |
| 18. | प्रो0 ऋचा आहलूवालिया | अंग्रेजी विभाग |
| 19. | प्रो0 टिकम राम | इतिहास विभाग |
| 20. | प्रो0 विकास नेगी | गणित विभाग |
| 21. | प्रो0 नरेश कुमार | संस्कृत विभाग |
| 22. | प्रो. ईशान मार्वल | अंग्रेज़ी विभाग |

# <u>महाविद्यालय बन्जार के गैर शिक्षक वर्ग की सूची</u>

| क्र० सं० | गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग | पद |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती धनवन्ती कौशल | अधीक्षक |
| 2. | श्री दलीप सिंह | वरिष्ठ सहायक |
| 3. | श्री निहाल सिंह | लिपिक |
| 4. | श्री प्यार चन्द | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| 5. | श्री भीम सेन | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| 6. | श्री गिरधारी लाल | सेवादार |
| 7. | श्रीमती संध्या देवी | सेवादार |
| 8. | श्री मान सिंह | सेवादार |
| 9. | श्री जीत राम | मेहतर |